### पुलिस मुख्यालय के राडार पर जमीन माफिया, अपराधी

# माफिया गठजोड़ पर नकेल कसने की कवायद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
माकपा नेता सह जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा की हत्या के बाद भू माफियाओं को लेकर पुलिस मुख्यालय की नजर टेढ़ी हो चली है. पुलिस मुख्यालय के तरफ से राज्य के वैसे तमाम जिले जहां जमीन को लेकर अक्सर खून खराबा और मारपीट घटनाएं सामने आती रहती हैं, उन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भू माफिया पर सख्ती से निबटने के आदेश जारी किए गए हैं. पुलिस मुख्यालय ने भू माफिया और अपराधियों के गठजोड़ को नेस्तनाबूद करने का टास्क दिया है।




**दो से ज्यादा केस दर्ज ,उन पर नजर**
राजधानी रांची सहित राज्य के दूसरे जिलों में जमीन के विवाद को लेकर बढ़ रहे खून खराबे की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने अब जमीन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है।जमीन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए थाना स्तर से जमीन माफियाओं की सूची तैयार की जा रही है जिसके बाद उन पर सीसीए के तहत कार्रवाई की जाएगी।पुलिस वैसे जमीन माफिया जिनपर जघन्य अपराधिक मामला दर्ज होगा उन्हें जिलाबदर करने की तैयारी में है। जबकि जिनके खिलाफ छोटे मामले दर्ज होंगे उनके खिलाफ थाना हाजिरी की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस मुख्यालय ने रांची, धनबाद, पलामू, जमशेदपुर और बोकारो जैसे जिलों क्यों ऐसे तमाम भूमाफिया जो अपराधियों के साथ गठजोड़ कर जमीन पर कब्जे का खेल खेलते हैं और खून खराबा करवाते हैं सब की लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा जमीन माफियाओं के इशारे पर आतंक फैलाने वाले अपराधियों पर भी कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया जरूरत पड़ने पर उन पर विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है।

**एक वर्ष के भीतर जेल से छूटे कारोबरियों का डेटा हो रहा तैयार**
पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दो साल के अंदर जमीन कारोबार के संबंध में किसी भी तरह की घटना को अंजाम देने वाले या अंजाम दिलवाने वाले माफिया और अपराधी दोनो की लिस्ट तैयार की जा रही है।साथ साथ वैसे जमीन मामले में जेल गए थे और अब वे अपराधी जेल से बाहर निकल आए है उन अपराधियों का पूरा डाटा तैयार हो रहा है। इस कवायद की मुख्य वजह यही है कि जमीन विवाद को लेकर होने वाली घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। जेल से बाहर आए माफिया की थाना हाजिरी की कार्रवाई नियमित तौर पर करने का निर्देश दिया गया है।

## सांसद ने योजना में बरती गई अनियमितता पर जांच की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत ने भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को चिट्ठी लिखकर हर घर जल नल योजना में बरती जा रही भारी लापरवाही एवं अनियमितताओं की जांच करने की मांग की है। उन्होंने चिट्ठी में लिखा है कि गुमला, लोहरदगा समेत रांची जिला के मांडर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में जल नल योजना में भारी लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई है। केंद्र सरकार की योजना हर घर जल नल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों को लाभान्वित करना है लेकिन संसदीय क्षेत्र से आए दिन हर घर जल नल योजना की लापरवाही की शिकायत मिल रही है। वही मांडर विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों के दौरा के दौरान भी ग्रामीणों द्वारा हर घर जल नल योजना में बरती गई अनियमितता को लेकर शिकायत किया गया है। इसके अलावा उन्होंने प्रत्यक्ष रूप में कई गांव में देखा कि हर घर जल नल योजना में संतोषजनक कार्य नहीं हो रहा है। जिसे लेकर सांसद सुदर्शन भगत ने भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से आग्रह किया है कि मेरे संसदीय क्षेत्र गुमला एवं लोहरदगा जिलों के साथ ही रांची जिले के मांडर विधानसभा अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंडों की विस्तृत रिपोर्ट प्रशासन की संतोषजनक रिपोर्ट सहित मंगवाई जाए और इसकी संपूर्ण जांच कराई जाए। वही हर घर जल नल योजना में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई हो तो उसपर यथायोग्य कार्रवाई होनी चाहिए। यह जानकारी रांची जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने दी है।

## रातू ललित ग्राम में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम,10 लाख के जेवरात लेकर फरार



**रातू।** थाना क्षेत्र के ललित ग्राम में चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। चोरो ने 45 हजार रुपया नकद समेत लगभग 10 लाख रुपये की जेवरात की चोरी की है। चोरी गये जेवरात में दो चैन, कान का टॉप्स-2 ,अगुठी, 3 पायल व 5 गला का हार है। भुक्तभोगी परिवार पिछले कुछ दिन पहले घर मे ताला लगा बाहर गये थे। शुक्रवार को जब परिवार घर वापस आया तो घर का दरवाजा खुला हुआ पाया।अलमीरा में रखे 45 हजार रुपया नकद व लगभग 9 लाख 50 हजार का जेवरात गायब थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मोबाईल चोर दो अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रातू।** पुलिस ने रातू कांड संख्या 423/22 का खुलासा करते हुये दो मोबाइल चोर को गिरफ्तर कर जेल भेज दिया। चोरो ने रातू थाना क्षेत्र के मलमांडू निवासी प्रकाश कुमार महतो की दो मोबाईल की चोरी कर फरार हो गये थे। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रकाश कुमार ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मोबाइल चोरी की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने कांड में अनुसंधान के क्रम में तकनिकी साक्ष्य के आधार से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त रातू बड़काटोली के मुकेश उरांव व संजय नगर कॉलोनी के दीपु कुमार उर्फ छोटु को गिरफ्तार कर लिया उसके निशानदेही पर चोरी की गई ओप्पो व रियलमी कंपन्नी के दो मोबाईल को बरामद कर लिया।

### मुहर्रम पर्व को लेकर थाना में बैठक आयोजित



**सिल्ली।** मुहर्रम पर्व को लेकर मुरी ओपी और जीआरपी थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में समाज के विभिन्न समुदाय के लोग उपस्थित रहे तथा अपने अपने विचार दिये। बैठक के क्रम में मुरी ओपी थाना प्रभारी विपुल कुमार ओझा ने समिति के सदस्यों से कहा कि पर्व को खुशी पूर्वक और उल्लास के साथ मनाए तथा झारखंड सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का भी अनुपालन करते हुए जुलूस निकाले ताकि दूसरों को भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसी क्रम में जीआरपी के थाना प्रभारी जमादार मुंडा ने लोगों से अपील किया कि पर्व के दौरान अफवाह पर ध्यान ना दें तथा किसी प्रकार का गलत तथा भ्रामक बातों से दूर रहें। गलत अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करें तथा प्रशासन को सूचित करें ताकि शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन के लोग अहम भूमिका निभा सके। इस मौके पर मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद चांद हुसैन, विनोद साहू, मुरी ओपी के अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, जीआरपी के अवर निरीक्षक शिव परसन राम, बहुरन भगत, प्रयाग तिवारी रेलवे सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक पवन कुमार बसंत मल्लिक समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एक्सआईएसएस में आयोजित ओरिएंटेशन-कम-इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांचीमें 2023-25बैच के लिए आयोजित ओरिएंटेशन-कम-इंडक्शन प्रोग्राम आठ दिनों के पश्चात्शुक्रवार को संपन्न हुआ। छात्रों ने इस बीच संस्थान के मिशन-विजन, कार्यप्रणाली के साथ अपने कोर्स की बारीकियों को गहनता से समझा। डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे, निदेशक, एक्सआईएसएस,ने आठ दिनों तक चले सत्र के संपन्न होने पर प्रत्येक छात्र को बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने एकता पर जोर दिया और सफलता हासिल करने के लिए सभी प्रोग्राम और छात्रों के बीच सामंजस्य बिठाने पर जोर दिया। उन्होंने एनईपी2020, शिक्षा के लिए आवश्यक दृष्टिकोण और उच्च शिक्षा के रुझानों में बदलावः अवसर और चुनौतियां के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, छ्लात्र, संस्थान के सबसे महत्वपूर्ण हितधारक हैं।

### वैकल्पिक फसल योजना को लेकर मंत्री ने कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक

# 3 दिनों के अंदर सभी जिला में कृषि आच्छादन योजना की भेजें रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कृषि मंत्री बादल ने नेपाल हाउस स्थित एनआईसी सभागार में राज्य के सभी जिला कृषि पदाधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिया कि अगले 3 दिनों के अंदर कृषि से जुड़ी योजना के सभी वैकल्पिक प्लान की रूपरेखा विभाग को भेजें। कृषि मंत्री श्री बादल ने कहा कि अभी तक राज्य में सामान्य से 52% कम बारिश हुई है, जो कृषि के लिहाज से काफी निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि हमारे पास 15 अगस्त तक प्लांटेशन का समय है इसके बाद ही सुखाड़ की स्थिति को लेकर फाइनल रिपोर्ट आएगी, लेकिन वैसी विकट परिस्थिति के लिए हम सभी को विभागीय स्तर पर किसानों के हित में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 28 लाख हेक्टेयर जमीन पर फसल लगाने का था लेकिन मौसम की बेरुखी की वजह से अब तक 5.80 लाख हेक्टेयर जमीन पर ही फसल का आच्छादन हो पाया है। उन्होंने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य की 4400 पंचायतों पर फोकस करें और जनसेवक एटीएम, बीटीएम और कृषक मित्र के साथ बैठक कर वैकल्पिक फसल का सूत्रण किया जाए । उन्होंने क्रॉप डायवर्सिफिकेशन को लेकर निर्देश दिया और कहा कि प्रखंड स्तर पर योजना तैयार की जाए ताकि किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसान खुश नहीं रहेगा तो हमारे चेहरे पर खुशी नहीं आएगी, इसलिए कृषि के कार्य में विभाग की सभी इकाइयां सहयोग करें तथा 3 दिनों के अंदर बीज, मिलेट्स और वैकल्पिक योजना तैयार करके विभाग को भेजें। श्री बादल ने कहा कि मिलेट्स मिशन के लिए सरकार ने 50 करोड़ की राशि का बजट में प्रावधान रखा है इसलिए मिलेट के लिए इच्छुक किसानों का डाटा तैयार करें ताकि बजट आवंटन के साथ ही किसानों को लाभ दिया जा सके।



### शिक्षण संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखण्ड खीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था, संघ एवं झारखण्ड अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर समन्वय समिति, रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने सरकारी विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाने और बच्चों को बेहतर तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। मौके पर उन्होंने अल्पसंख्यक विद्यालयों को और भी बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री से पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक विद्यालयों के कुछ समस्याओं से अवगत कराया साथ ही शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों से जुड़ी समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए निदान करने का आग्रह किया।

## सरकार रोटी कपड़ा और मकान पर विशेष ध्यान दे रही है : मुखिया



नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
सरकार रोटी कपड़ा और मकान पर विशेष ध्यान दे रही है। ताकि लोगों को मूलभूत समस्याएं न हो सके। उक्त बातें गुरूवार को हरिहरपुर जामटोली पंचायत के पतरस जन वितरण प्रणाली के दुकान में सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साडी व लूंगी का वितरण करते हुए पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने कही। उन्होंने सरकार द्वारा कई लाभकारी विकासशील योजनाएं चलाई जा रही है। जिसकी जानकारी विस्तृत रूप से ग्रामीणों को दिया। इन योजनाओं का लाभ ग्रामीण जरूर ले और लाभान्वित हो जिससे सशक्त बना जा सकता है। मौके पर स्थानीय मुखिया लक्ष्मी कोया, युवा नेता सुनील कच्छप ने सभी राशन कार्डधारियों लाभुकों के बिच में साडी धोती का वितरण किया। मौके पर महाकाल लोहरा, डीलर पतरस तिर्की, केशव गोप, देवनराण गोप, शिवनारायण गोप, चरवा उरांव, फागू उरांव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## रातू फुटकलटोली में गोली कांड के दो और अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
पुलिस ने कांड रातू कांड संख्या 296 का निष्पादन करते हुये 16 जुलाई की रात 7:30 बजे रातू फुटकलटोली के होटल मुख्तार में गोली मारने के दो अपराधियो को पुलिस ने गिरफ्तर कर जेल भेज दिया। गोली कांड में होटल के दो स्टाप इल्यास अंसारी व जब्बार अंसारी को गोली लगी थी। कांड में शामिल तीन अपराधी को पुलिस 22 जुलाई को ही गिरफ्फतार कर जेल भेज चुकी है। वही गुरुवार को भी दो अपराधियो को पुलिस ने गिरफ्फतार कर लिया ।गिरफतार अपराधियो में रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना के ग्राम कुरसे निवासी 20 वर्षीय बिकास कुमार बेदिया व चतरा जिले के पिपरवार निवासी 31 वर्षीय कालीचरण मुंडा शामिल है। अपराधियो के पास से पुलिस ने कांड में प्रयुक्त एक पल्सर बाइक,एक स्प्लेंडर बाइक,देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, मोबाईल फोन व डोंगल बरामद किया है।



कमरुल हक समझ इल्यास को मारी थी गोली गिरफतार अपराधियो ने पुलिस को बताया कि हजारीबाग जेल में बंद अर्जुन करमाली एवं छोटन तुरी द्वारा टी०एस०पी०सी० संगठन के नाम पर लेबी वसुली का काम करते हैं। इसी क्रम में छोटन तुरी अपने बेटे राहुल तुरी उर्फ आलोक जी के नाम से कमरुल हक से रंगदारी के रूप में 50 लाख रुपये का माँग किया था। जिसमे कमरुल हक के द्वारा राहुल तुरी को पैसा देने से इन्कार कर दिया गया। इसी कारण अर्जुन करमाली, छोटन तुरी एवं राहुल तुरी उर्फ आलोक जी के द्वारा रातु क्षेत्र में भय एवं दबदबा कायम करने हेतु योजना बनाते हुए बिकाश कुमार बेदिया, कालीचरण मुंडा, बिनोद एवं अन्य अपराधियो ने मिल कर जंगी एप इनस्टाग्राम व वाट्सएप के माध्यम से कमरुल हक से संपर्क कर रंगदारी की मांग की गई थी।

### परिवर्तन विधायक दल के नए नेता पर केंद्रीय पर्यवेक्षक ले रहे विधायकों की राय

# रिपोर्ट के बाद केंद्रीय नेतृत्व करेगा निर्णय : विरंची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय जनता पार्टी,झारखंड विधायक दल की बैठक शुक्रवार देर शाम प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय वन पर्यावरण,जलवायु परिवर्तन एवम खाद्य आपूर्ति मंत्री अश्विनी चौबे,प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, नवीन जायसवाल, कोचे मुंडा, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, रामचंद्र चंद्रवंशी, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, पुष्पा देवी, नीरा यादव, मनीष जायसवाल, अमर बाउरी, राज सिन्हा, अपर्णा सेन गुप्ता, ढुल्लू महतो, किशुन दास,केदार हाजरा,नारायण दास,अमित मंडल,जेपी पटेल,समरी लाल उपस्थित थे। बैठक के उपरांत मीडिया से बात करते हुए पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि आज की बैठक में राज्य सरकार की नाकामियों, वादा खिलाफी, नियोजन नीति ,ध्वस्त विधि व्यवस्था जैसे जवलंत विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। पार्टी कल से शुरू हो रहे विधानसभा के मॉनसून सत्र में इन विषयों को मुद्दा बनाते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगेगी। नारायण ने कहा कि यह सरकार फिर एकबार युवाओं, बेरोजगारों को छलने का काम कर रही है। राज्य में लाखों पद खाली हैं लेकिन बिना नियोजन नीति स्पष्ट किए हेमंत सरकार दिखावे केलिए वेकेंसी निकाल रही। उन्होंने कहा कि राज्य में आम खास,दलित, महिला, आदिवासी, व्यापारी, कर्मचारी, किसान,मजदूर कोई भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेलगाम हैं। भाजपा विधानसभा में इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त गांव, गरीब, किसान,के सभी ज्वलंत मुद्दों को भाजपा प्रमुखता से उठाएगी। नेता विधायक दल के चयन पर उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है। हमारे सभी निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से विमर्श आधारित होते हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षक एवम केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे जी के द्वारा सभी विधायकों से इस संबंध में राय ली जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व नए नेता विधायक दल पर फैसला लेगा।



### झारखंड विधानसभा : सत्र के पहले दिन दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन के अंदर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश किया। एटीआर में विधानसभा के बजट सत्र में सरकार की ओर से विधायकों को दिए आश्वासनों पर अभी तक सरकार की ओर से जो कार्रवाई की गई है उसका लेखा-जोखा है। बजट सत्र से मानसून सत्र के बीच जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उन्हें भी सदन में शोक प्रकाश के जरिए श्रद्धांजलि दी गई। सदन में झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, डेविड मुर्मू, प्रकाश सिंह बादल, ओमन चांडी, हरिहर नारायण प्रभाकर, पुत्कर हेंब्रम, डॉ करमा उरांव, गायत्री देवी, शोभाकांत मंडल, विनोद कुमार चौधरी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा 20 अप्रैल को जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में बलिदान हुए पांच जवानों, बालासोर रेल हादसे में मारे गए लोगों और मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों के प्रति भी संवेदना जताई गई।


झारखण्ड सरकार
डॉ० रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान,
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग राँची – 834008
दूरभाष–0651–2551824, E-mail- tri.directorate@gmail.com

पत्रांकः 1509 / राँची, दिनांकः. 28.07.2023

अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची द्वारा 'झारखण्ड आदिवासी महोत्सव' के अवसर पर आयोजित की जाने वाली "राष्ट्रीय जनजातीय चित्रकार शिविर", 09 अगस्त–16 अगस्त, 2023 में प्रयोग किये जाने वाले सामग्रियों का विवरण तालिका में दिया जा रहा है उक्त सामग्रियों हेतु इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संस्थान से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संस्थान अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में अपनी तकनीकी और वित्तीय निविदा दिनांक–04.08.2023, अपराह्न 05.00 बजे तक संस्थान के कार्यालय में समर्पित करें। तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा के लिफाफे निदेशक को सम्बोधित करते हुए डाक द्वारा या हाथोंहाथ डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची में जमा करें। निविदा दस्तावेज के हस्तांतरण में देरी या क्षति या नुकसान के लिए संस्थान जिम्मेवार नहीं होगा। अंतिम तिथि के बाद इच्छा की अभिव्यक्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।
तकनीकी निविदा दिनांक– 05.08.2023, अपराह्न 04.00 बजे अपराह्न निदेशक, डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची (टी0आर0आई0) के कार्यालय में खोली जाएगी।
वित्तीय निविदा दिनांक– 05.08.2023, अपराह्न 04.30 बजे अपराह्न निदेशक, डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची के कार्यालय में खोली जाएगी।
नियम एवं शर्तें वेबसाइट *www.trijharkhand.in* से डाउनलोड की जा सकती हैं अथवा संस्थान से कार्यालय अवधि में आकर प्राप्त की जा सकती है।
निविदादाता वस्तु का नमूना संस्थान मे आकर किसी भी कार्यदिवस मे आकर दिखा सकता है। निविदा के संबंध में किसी भी अन्य जानकारी के लिए टी0आर0आई0, राँची के कार्यालय में श्री राजू टोप्पो, समन्वयक (मो.–62045289369) से संपर्क किया जा सकता है।
निदेशक, डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची बिना किसी कारण बताए किसी भी स्तर पर इच्छा की अभिव्यक्ति से सभी या किसी स्तर पर स्वीकार करने या अस्वीकार करने के सभी अधिकार सुरक्षित रखता है। टी0आर0आई0, राँची को आवश्यकताओं के आधार पर एक या एक से अधिक एजेन्सियों को संलग्न करने का अधिकार सुरक्षित है।

ह0/– निदेशक

PR.NO.303574 Welfare(23-24):D



झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
email – eedwsd.ranchiwest@gmail.com

ई – प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या – DWSD/RW/SR-21/2023-24 दिनांकः– 28.07.2023

1. Name of Work :- Construction of Toilet / common Toilet, Septic Tank, Soak Pit and Drinking Water Supply arrangement and allied in different health Center / Health Sub Center in Block (DMFT) in Ranchi District Under D. W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi for the Year 2023-24

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खलारी | लपरा | हेसालौंग स्वास्थ्य केन्द्र में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था कार्य | 1737096.00 | 34800.00 | 5000.00 | 01 माह |
| 2 | काँके | संतकनादु | स्वास्थ्य केन्द्र कुन्हरिया के सामने शौचालय का निर्माण कार्य | 1201094.00 | 24100.00 | 2500.00 | |
| 3 | ओरमांझी | जयडीहा | उप स्वास्थ्य केन्द्र जयडीहा, मड़ईटोला में शौचालय का निर्माण कार्य। | 1201094.00 | 24100.00 | 2500.00 | |
| 4 | ओरमांझी | जयडीहा | जयडीहा पुराना स्वास्थ्य केन्द्र कुरमीटोला के सामने शौचालय का निर्माण कार्य। | 1201094.00 | 24100.00 | 2500.00 | |
| 5 | नमकुम | हुड़वा | ग्राम सहेदा के पुरनाटोली स्वास्थ्य केन्द्र के पास पेयजल की व्यवस्था कार्य। | 536000.00 | 10800.00 | 1250.00 | |
| 6 | अनगड़ा | सिरका | ग्राम महेरापुर के हेल्थ एवं वेलनेस महेरापुर (देषवल टोली) में जल नल की व्यवस्था। | 536000.00 | 10800.00 | 1250.00 | |
| 7 | बेड़ो | मुरतो | उप स्वास्थ्य केन्द्र में शौचालय निर्माण कार्य। | 1201094.00 | 24100.00 | 2500.00 | |
| 8 | बेड़ो | मुरतो | मंदरी स्वास्थ्य उपकेन्द्र में शौचालय निर्माण कार्य। | 1201094.00 | 24100.00 | 2500.00 | |
| 9 | लापुंग | मालगो | जातालोया स्वास्थ्य उपकेन्द्र में शौचालय निर्माण कार्य। | 1201094.00 | 24100.00 | 2500.00 | |
| 10 | लापुंग | मालगो | जातालोया उपकेन्द्र में पेयजल की व्यवस्था कार्य | 536000.00 | 10800.00 | 1250.00 | |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :–01/08/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–07/08/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समयः–08/08/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08/08/2023 / 05.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पश्चिम, राँची

PR303537 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

# रामगढ़ में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में निवर्तमान डीसी के लिए विदाई समारोह का आयोजन

## सफलता का कोई शॉर्टकर्ट नही होता है, इसके लिए मेहनत की जरूरत पड़ती है : माधवी मिश्रा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 28 जुलाई को निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा, कीर्ति गौरव एवं अन्य अतिथियों ने शामिल होकर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के स्काउट टीम ने अतिथियों का स्वागत बैंड बाजे के साथ काफी किया । कार्यक्रम में उपस्थित निवर्तमान उपायुक्त माधुरी मिश्रा का गुरुद्वारा प्रधान सरदार परामदीप सिंह कालरा, गुरु नानक पब्लिक स्कूल अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोरा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सतिंदर वीर सिंह छाबड़ा, जिगर छाबड़ा ,गुरप्रीत चना ,जगजीत सिंह, अमरजीत सिंह ,हरमीत कालरा ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से पुष्पगुच्छ प्रदान देकर स्वागत किया। पिंकी गांधी ,सतनाम कौर ,जसमीत सोनी ,जसविंदर होरा ,सुमी जौली ने गुरुद्वारा नर्सरी स्कूल की तरफ से पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया । मेघा बगड़िया और नीतू साहनी ने इनरव्हील क्लब की तरफ से माधुरी मिश्रा को सम्मानित किया। अनिल गोयल , अमित शाह , अशोक जैन , कमल बगड़िया, मनोज कुमार मंडल, अरुण कुमार राय, मानिक जैन, अरविंद जैन , विजय मेवाड़ , डीसी पोद्दार , विजय हरलालका, प्रदीप शर्मा ,नवीन पाठक दीपक सिन्हा , रवि अग्रवाल ने अपने अपने संगठन व समुदाय की ओर से निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा को सम्मानित किया। कृति गौरव ने भी उन्हें सम्मानित किया । विद्यालय के कप्तान और वरिष्ठ बालक और बालिका के साथ-साथ छोटे बच्चों ने बाल शृंखला बना सबका स्वागत तालियों के साथ किया। बच्चों ने स्वागत गान कर सबका मन मोह लिया। मौके पर माधवी मिश्रा ने अपने अनुभव को भी बताया और कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकर्ट नहीं होता है। लक्ष्य हासिल करने के लिए हर संभव मेहनत करनी पडती है। जीवन में कभी नकारात्मकता को मन में नहीं लाना है, पूरी क्षमता के साथ ही सफलता को प्राप्त करना है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया और अपने मन की बात साझा की। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य हरजाप सिंह और उपस्थित सभी विद्यालय समिति के सदस्य ने सबका आभार व्यक्त किया। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल ,सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा , स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

# ऑटो की टक्कर से गिरा छज्जा दबकर मासूम बच्ची की मौत




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ मुसहरी टोला में 28 जुलाई की सुबह सीमेंट-छड़ लोड एक ऑटो ने गंगाधर मुसहर के घर की दीवार में टक्कर मार दी, जिससे दीवार के साथ गेट के ऊपर का छज्जा आंगन में खड़ी गंगाधर की 4 साल की बेटी अन्नू कुमारी पर गिर गया. बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई. परिजन आनन-फानन में उसे गावां सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. बच्ची की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. बच्ची की मां अंजू देवी बार-बार बेहोश हो जा रही थी. घटना के बाद ऑटो ड्राइवर वाहन को छोड़ कर फरार हो गया. इधर, मासूस बच्ची की मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. मुआवजा की मांग को लेकर परिजनों व ग्रामीणों शव के साथ गावां-तीसरी मुख्य पथ को जाम कर दिया. सूचना मिलते ही गावां थाना प्रभारी सनी सुप्रभात दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया. सेरुआ पंचायत के मुखिया गुरुसहाय रविदास, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, अंचल के नाजिर विकास कुमार व सीआई सुखदेव वर्मा परिजनों व ग्रामीणों को समझा-बुझाकर कर जाम हटाया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया. मुआवजा की मांग को लेकर मृत बच्ची के परिजन काफी देर तक थाना में जमे रहे. पुलिस ने टक्कर मारने वाले ऑटो के मालिक व सीमेंट-छड़ दुकानदार को पकड़कर थाना ले आई.

### ट्रक की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के देवरी के पास 26 जुलाई शुक्रवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से 12 वर्षीय एक किशोरी की मौत हो गई. किशोरी की पहचान चोलीडीह गांव निवासी सोमर मोहली की बेटी पूजा कुमारी के रूप में हुई. सोमर मोहली ने बताया कि वह सुबह करीब दस बजे गादीटांड़ से बांस लेकर अपने घर लौट रहा था. साथ में उसकी पत्नी बेबी देवी, बहू गुड़िया देवी और बेटी पूजा कुमारी थी. इसी दौरान ट्रक की चपेट में आने से पूजा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई. उसे इलाज के लिए तुरंत देवरी सीएचसी ले जाया गया।

# गिरिडीह के नये एसपी दीपक कुमार शर्मा पदभार संभाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के 37वें एसपी के रूप में दीपक कुमार शर्मा ने 28 जुलाई शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान एसपी अमित रेणु ने उन्हें चार्ज सौंपा. इससे पहले न्यू समाहरणालय में नए एसपी को जिला पुलिस बल की महिला टुकड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया. पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले में वह पहले एसडीपीओ के रूप में काम कर चुके है, जिसके चलते वे जिले से पूरी तरह वाकिफ हैं. काम करने में कोई परेशानी नहीं होगी. पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर संबध कायम कर अपराध को कम करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा. उन्होंने नक्सलियों से मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की. उन्होंने कहा की पिछले कुछ वर्षों में जिले में नक्सल विरोधी अभियान तेज रहने के कारण नक्सलियों की गतिविधियां कम हुई हैं. नक्सली गतिविधियों से जुड़े लोगों से मुख्यधारा से जुड़कर समाज की बेहतरी के लिए कार्य करने की अपील की. मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पुलिस हर संभव सहयोग करेगी. डीएसपी संजय राणा, एसडीपीओ अनिल सिंह, मनोज महतो, नौशाद आलम, नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान व मेजर राकेश रंजन ने गुलदस्ता भेंटकरी नए एसपी का स्वागत किया.

## सेवानिवृत्त उत्पाद विभाग के अधिकारी के घर नकद समेत 15 लाख के जेवर की चोरी

**हजारीबाग।** हजारीबाग बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के बंशीलाल चौक स्थित एक मकान से घर का ताला तोड़कर 15 लाख के जेवर और 10 हजार रुपए नगद चोरी कर ली गई. यह मकान उत्पाद विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी अजय गुप्ता का है. इस संबंध में प्रतिमा गुप्ता ने बताया कि वह किसी काम से गुरुवार की रात बच्चों के साथ बाहर निकली थीं. पति भी घर पर नहीं थे. कुछ देर बाद जब उनके पति अजय गुप्ता घर पहुंचे, तो देखा कि ताला खुला हुआ है और गोदरेज का ताला टूटा हुआ है. उनके पति ने मोबाइल से उन्हें सूचना दी, तो वह आनन-फानन में घर पहुंचीं. वहां देखा कि सोने के बने कई आभूषण चोरों ने चुरा लिए थे और गोदरेज में रखे 10 हजार रुपए भी गायब थे.

## हजारीबागः संत जेवियर्स स्कूल में मनाया गया संत इग्निशियश लोयला दिवस

**हजारीबाग।** हजारीबाग में संत जेवियर्स स्कूल में संत इग्निशियश लोयला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य फादर रोशनर खलखो एसजे और उप प्राचार्य लोयला हाउस के हाउस मास्टर प्रभाकर कुमार व सोमा चौधरी ने दीप जलाकर किया. इस हाउस के शिक्षकों ने प्रार्थना और स्वागत गीत गाया. उसके बाद हाउस कैप्टन ने संत लोयला के विषय में भाषण की प्रस्तुति की. इस कार्यक्रम में विभिन्न हाउसों के बीच प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. इसमें कश्मीर, गुजरात, छत्तीसगढ़, असम, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर के परिधान से सुसज्जित होकर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की

## रामगढ़ : सिख रेजीमेंट सेंटर ने शुरू किया पेड़ लगाओ अभियान

**रामगढ़।** सिख रेजिमेंटल सेंटर, रामगढ़ छावनी में शुक्रवार को 74 वें वन महोत्सव और कारगिल विजय दिवस के मौके पर पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया गया. जिला वन विभाग के साथ मिलकर पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया गया है. मौके पर सिख रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर शैलेश सती और सिख रेजिमेंट के कई अधिकारी सहित रामगढ़ जिला वन अधिकारी नीतीश कुमार मौजूद थे. मौके पर ब्रिगेडियर शैलेश सती ने कहा कि भारतीय सेना में पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता है. इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के 500 से अधिक पौधे लगाए जा रहे हैं. इस पहल से क्षेत्र के मौजूदा हरियाली में और वृद्धि होगी. अभियान में सैनिक, परिवार और बच्चे भी शामिल होंगे.

## बाल शोषण के खिलाफ बच्चों को दी जानकारी

**बरही ।** बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल यौन शोषण के खिलाफ जिप सदस्या प्रीति कुमारी का अभियान डीएवी पब्लिक स्कूल पहुंचा. जहां प्रार्थना सभा के दौरान बच्चो को बाल शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया. साथ ही बैड टच और गुड़ टच की भी जानकारी दिया. उन्होंने बताया कि आज बाल तस्करी जैसी घटनाए सामने आ रही है. इसके लिए अभिभावकों सहित बच्चो को सजग रहने की आवश्यकता है. अनजान व्यक्तियों से दोस्ती या लेन देन से परहेज करें. जिप सदस्या ने बाल समस्याओं से संबंधित विभिन्न अवगुणों के खिलाफ जागरूक करने का काम किया. साथ ही इससे डटकर मुकाबला करने और आवश्यकता होने पर 1098 टॉल फ्री पर शिकायत करने की बात कही. प्राचार्य ए के सिंह ने बताया कि बाल शोषण बचपन छीन रहा है. बच्चे परिष्कृत हो रहे है. उनमें गलत करने की प्रवृति आ रही है. इसका समाज पर बुरा असर पड़ रहा है. इसका खुलकर विरोध होना चाहिए और इसे हर हाल में बंद होनी चाहिए.

## पूर्व विधायक ने अधिक्षण अभियंता से किया भेंट

**बरही ।** विधानसभा के बिजली समस्या को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अधीक्षण अभियंता हजारीबाग से मुलाकात किया. विधानसभा क्षेत्र के बिजली की आंखमिचौनी और विभिन्न गांवों के जले ट्रांसफार्मर की जानकारी देते हुए शीघ्र बिजली नियमित करने की बात कही. यह भी जानकारी दिया कि कई ट्रांसफार्मर अधिक लोड के कारण जल गए हैं. चौपारण चटट्टी में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर जला हुआ है वही बरही के भण्डारो पंचायत अंतर्गत बैरीसाल एंव चौपारण प्रखंड के ग्राम जोकट तिलैया में बोधो भुइया के पास 25 केवीए का ट्रांसफार्मर ज्यादा ग्राहक होने से लोड नहीं ले पा रहा है. इसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए करवाई की जाए. अधीक्षण अभियंता ने पूर्व विधायक की बात को गंभीरता से लेते हुए चौपारण चट्टी और जँहा 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से लोड नहीं संभल रहा है, उसे 63 केवीए करने का आश्वासन दिया.

# गांडेय में गैरमजरूआ जमीन पर भू माफिया कर रहे कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के बुधुडीह में गैरमजरुआ जमीन पर भू-माफियाओं की नजर है. जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान भी बनाया जा रहा. बुधुडीह के मुखिया नवीन वर्मा ने 28 जुलाई शुक्रवार को बताया कि गांडेय अंचल के हल्का संख्या 5 (बुधुडीह) में खाता नंबर 26 प्लॉट नंबर 2 रकबा 4 एकड़ 76 डिसमिल जमीन सर्वे खतियान के रजिस्टर 2 में जंगल दर्ज है. उन्होंने 20 जुलाई को अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया था, लेकिन अभी तक अंचलाधिकारी की तरफ से जांच नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि अब इस मामले में गिरिडीह उपयुक्त को आवेदन देकर जमीन को भू-माफिया से मुक्त कराने की मांग की जाएगी. इधर, जमीन पर निर्माण करा रहे संदीप वर्मा ने कहा कि यह जमीन उनके परदादा भैरो महतो के नाम से खतियान में दर्ज है, जिसका खाता नंबर 26, प्लॉट नंबर 02 है. कुल रकब 2 एकड़ 44 डिसमिल है. परदादा की जमीन पर ही मकान बनाया जा रहा है.

### जांच चल रही है, दोषियों पर होगी कार्रवाई : सीओ

इस संबंध में गांडेय के सीओ सफी आलम ने कहा कि बुधुडीह पंचायत के मुखिया ने जमीन से संबंधित आवेदन दिया है. मामले की जांच जिला अभिलेख में चल रही है. रिपोट आते ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी.

## घाटशिला : मुठभेड़ के चार घंटे बाद दुमका में अमरनाथ की हत्या

**जमशेदपुर।** घाटशिला स्थित कापागोड़ा के भोलेनाथ ढाबा में गुरुवार देर शाम 7 बजे अमरनाथ गिरोह के सदस्यों और पुलिस के बीच मुठभेड़ के चार घंटे बाद अपराधियों ने दुमका के जरमुंडी थाना क्षेत्र में अमरनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी. मामले को लेकर गणेश सिंह, राजा शर्मा और टेका उर्फ दीपक समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. इस घटना के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अपराधियों ने पूर्व से ही अमरनाथ की हत्या की योजना बना रखी थी. इधर, गुरुवार शाम हुए मुठभेड़ में अमरनाथ गिरोह के सदस्य साजन मिश्रा को गोली लगी. गोली उसके पैर के आर-पार हो गई. पुलिस ने उसे देर रात एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया. साजन मिश्रा कई मामलों में फरार भी चल रहा था. पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी. मुठभेड़ के बाद साजन मिश्रा, नीरज भगीना और राजा बच्चा समेत कुल 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है. घटना के वक्त अमरनाथ सिंह पूजा अर्चना करने के उपरांत अपने भतीजे मनीष कुमार के साथ था, जबकि अमरनाथ की पत्नी नेहा सिंह, चार बच्चे व परिवार के अन्य सदस्य पास ही खड़ी कार की ओर जा रहे थे.

# पूर्व विधायक संजीव सिंह को ले जाया गया निजी जांच घर



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** न्यायालय के आदेश के बाद 28 जुलाई को झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को भारी सुरक्षा के बीच एसएनएमएमसीएच से निजी जांच घर ले जाया गया. उनके ब्लड की जांच होनी थी, एमआरआई व अल्ट्रासाउंड कराना था. परंतु ब्लड प्रेशर हाई होने के कारण डॉक्टरों ने एमआरआई और अल्ट्रासाउंड नहीं किया. फिलहाल सिर्फ ब्लड का सैंपल लिया गया, जिसकी रिपोर्ट नहीं मिली है. जांच के बाद संजीव सिंह को पुनःएसएनएमएमसीएच ले जाया गया. उनकी सुरक्षा में जिला पुलिस के कई जवान तैनात थे. उनके साथ समर्थक भी बड़ी संख्या में चल रहे थे. ज्ञातव्य है कि झारिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने पिछले दिनों न्यायालय से इच्छा मृत्यु की मांग की थी. गुरुवार 27 जुलाई को एमपी-एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार ने उनकी इच्चा मृत्यु की मांग वाली याचिका खारिज कर दी. अदालत ने जेल सुपकिंटेंडेंट को निर्देश दिया कि संजीव सिंह का इलाज धनबाद के किसी भी अच्छे अस्पताल में कराया जाए. अदालत के आदेश पर शुक्रवार 28 जुलाई को उन्हें स्टील गेट स्थित निजी जांच घर ले जाया गया. हालांकि ब्लड प्रेशर हाई होने के कारण उनकी जांच पूरी नहीं हो पाई. पहले भी एसएनएमएमसीएच ने अपनी रिपोर्ट में संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजे जाने की अनुशंसा की थी. हालांकि सिविल सर्जन कार्यालय की रिपोर्ट में बताया गया है कि उन्हें जो बीमारी है, उसका इलाज धनबाद के दो निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध है.

## सविमं भूली में हुआ दादा दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह

**धनबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर भूली में शुक्रवार 28 जुलाई को दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. समारोह मे बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं के दादा-दादी न नाना-नानी पहुंचे. मुख्य अतिथि समाजसेवी व दिवंगत पत्रिका के संपादक शैलेंद्र सिंह, विद्या विकास समिति के धनबाद विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय , विद्यालय के सचिव डॉ एस के एल. दास एवं प्राचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह मौजूद थे. मुख्य अतिथि ने कहा कि दादा-दादी नाना-नानी हमारी संस्कृति के आधार हैं. यह कार्यक्रम अपनी संस्कृति को जागृत करने का अनूठा प्रयास है. संकृति को बचाने के लिए दादा-दादी, नाना-नानी को नये रूप में जागृत करना होगा. नई पीढ़ी को उनका महत्व समझना होगा. विभाग प्रमुख विवेक नयन ने कहा कि भारत की सामाजिक व्यवस्था बड़ी रोचक है. संयुक्त परिवार में दादा-दादी, नाना-नानी बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, सामाजिक शिक्षा व संस्कार देते हैं. वर्तमान में यह व्यवस्था बिगड़ रही है. उनके सम्मान को पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से विद्या भारती ने यह कार्यक्रम प्रारंभ किया है. विद्यालय के सचिव डॉ दास ने कहा कि परिवार से समाज बनता है, यदि परिवार ही ठीक नहीं रहेगा तो देश कैसे ठीक रहेगा.

**जागरूकता** | इससे पहले 60 मरीज को चुके हैं स्वस्थ, गोंदलपुरा खनन परियोजना से सीएसआर के तहत कर रहा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन

# अदाणी फाउंडेशन ने गोद लिए टीबी के 70 मरीजों में बांटा पोषण किट




**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को दूसरे चरण का पोषण किट प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है, जो बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच करवानी चाहिए। इस बीमारी का इलाज है इसलिए इसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। प्रसाद ने दुहराया कि ऐसी बहुत कम कंपनियां हैं जो दूसरे चरण में भी टीबी मरीजों को गोद लेती हैं, इसलिए अदाणी फॉउंडेशन की यह पहल बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि इस बार पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजनाह्ण के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।इस मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, सेवानिवृत डीएसपी सूर्यकुमार सिंह, सीएसआर प्रबंधक शरद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे। इससे पहले हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय बीते दिनों अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना प्रबंधन को टीबी के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। अदाणी फाउंडेशन की ओर से मरीजों को अगले छह महीनों तक के लिए पोषण किट प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में लगातार सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों की सराहना की गई थी। मालूम हो कि अदाणी फाउंडेशन की ओर से प्रखंड में अंतर्गत विभिन्न गांवों में लगातार निःशुल्क चिकित्सा शिविर, मुफ्त दवा वितरण और निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन ने पिछले दिनों प्रखंड के गाली, बलोदर, और गोंडलपुरा के ग्रामीणों को 50-50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50-50 किलोग्राम यूरिया और 10-10 किलोग्राम धान का बीज भी प्रदान किया था। इसके अलावा महुगाई कला स्थित पंचायत भवन के मीटिंग हॉल में 10 ब्रांडेड पंखे लगाए गए। यहां पिछले दिनों वज्रपात हो जाने की वजह से बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी और सभी पंखे जल गए थे। इसकी जानकारी मिलने के बाद अदाणी फाउंडेशन की ओर से यहां सभी पंखे को लगाकर उन्हें चालू करवा दिया गया है। अब किसी भी बैठक के दौरान ग्रामीणों को गर्मी की समस्या नहीं करनी पड़ेगी। पिछले दिनों अदाणी फाउंडेशन ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत विद्यार्थियों के बीच निशुल्क साइकिल का भी वितरण किया था।

# बरकट्ठा में ताजिया-निशान के साथ निकला मोहर्रम जुलूस, अस्त्र-शस्त्र का किया प्रदर्शन

## पुलिस मुस्तैद







**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। शुक्रवार नवमी की सुबह को बरकट्ठा में मुहर्रम का जुलूस भव्य निकाला गया। जुलूस में बरकट्ठा डीह, कोनहराखुर्द मजार शरीक, बरकट्ठा, बरवां एवं नया खाप ग्राम के लोग निशान, ताजिया लिए गाजेबाजे के साथ शामिल हुए। विभिन्न अखाड़ों के साथ पहुंचे लोग पूरे बरकट्ठा क्षेत्र का भ्रमण किया। इसके पश्चात बरकट्ठा थाना परिसर और चौक पर ताज क्लब, गुलशन क्लब, आजाद क्लब के खिलाड़ियों के द्वारा अस्त्र शस्त्र के साथ अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया। मुहर्रम को लेकर बरकट्ठा में इस्लामिक झंडा लगाया गया है. मौके पर बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया बसंत साव, राजकुमार नायक, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, दुगार्नंद झा, मो कलीम खान, मौलवी मो मेराज खान, नसीम खान, गफ्फार खान, जाहीद खान, जसीम खान, सत्तार खान, बबलू खान, सन्नी खान, हाजी मो फहीम, सुल्तान अंसारी, इकबाल अंसारी, अनवर हुसैन, मो इमरान, खलील अंसारी, अब्दुल शकूर, आजाद अंसारी, बबुनी मियां समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे. बरकट्ठा के अलावे मुहर्रम का पर्व प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहराखुर्द, कोनहराकला, शिलाड़ीह, बंड़ासिंघा, कलहाबाद, जमुआ, बेड़ोकला, घंघरी, गोरहर में भी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है.

# हथियार के साथ पांडेय गिरोह के दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू थाना क्षेत्र से दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। युवकों के पास तीन देशी, जिंदा गोली और मैगजीन बरामद किया है। साथ ही चर्चित बितका बाउरी हत्याकांड और हरदेव कंस्ट्रक्शन पर गोलीबारी कांड में प्रयुक्त दो बाइक भी बरामद किया गया है। 28 जुलाई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 27 जुलाई को पतरातू बस्ती में बरगद पेड़ के पास से विजयनगर, पतरातू निवासी विकास कुमार सिंह उर्फ विक्की को एक देशी पिस्टल, उसमें लोड पांच गोली के साथ धर दबोचा। बताया की अभियुक की निशानदेही पर उसके विजय नगर स्थित आवास से दो पिस्टल, पांच जिंदा गोली और पांच मैगजीन बरामद किया गया। साथ ही उसकी निशानदेही पर उसके साथी कपिल कुमार, रसदा निवासी के घर पर छापेमारी की गई। जहां से पुलिस ने हरदेव कंस्ट्रक्शन गोलीबारी कांड और बितका बाउरी हत्याकांड में प्रयुक्त आर 15 जेएच01डीपी 6721 को बाइक जब्त किया है। छापेमारी अभियान में पुलिस ने तीन देशी पिस्टल, पांच जिंदा गोली लोडेड मैगजीन, चार खाली मैगजीन, एक मोबाइल और एक बाइक जब्त किया है। मामले को लेकर पतरातू थाना में दिनांक 28-07-23,-कांड संख्या 138/2023, धारा -399/402 भादवि एवं 25 (1-बी) ए, 25(6)/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त का संबंध पांडेय गिरोह से है। पुलिस का अनुसंधान जारी है। छापेमारी दल में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ विरेंद्र चौधरी, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, पुअनि बरकाकाना ओपी अफजल अंसारी, पुअनि चेतन कुमार सिंह सशस्त्र बल शामिल थे।

# मुहर्रम की पूर्व संध्या पर प्रशासन का फ्लैग मार्च

## अफवाहें न फैलाएं और न ध्यान दें : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. मुहर्रम के पूर्व संध्या पर प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च में एसडीओ पूनम कुजूर,एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, एसआई मो समसुद्दीन आदि सहित जैप के जवान शामिल थे. फ्लैग मार्च बरही शहर के चारो प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए विभिन्न पंचायतों के लिए रवाना हो गया. जो देर संध्या तक चलता रहा. एसडीओ ने बताया कि मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए प्रशासनिक टीम दिन रात विभिन्न अखाड़ों से बैठक कर समस्याओं की जानकारी ले रही है. सभी लोग शांतिप्रिय है जो आपसी सदभाव के साथ मुहर्रम मनाने के लिए कृत संकल्पित है. उन्होंने लोगो से किसी भी प्रकार के अफवाह नही फैलाने और उससे दूर रहने की अपील किया है.



# 31 जुलाई तक अनुमंडल क्षेत्र में लागू रहेंगे निषेधाज्ञा



**नवीन मेल संवाददाता**

बरही । मुहर्रम को देखते हुए अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजुर ने गुरुवार 27 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा की लागु करने की घोषणा किया है. साथ ही निर्देश जारी किया है कि इस दौरान बिना सक्षम अधिकारी के निर्देश के जुलूस या झांकी के आयोजन, आग्नेयास्त्र या तलवार, अस्त्र शस्त्र, लाठी इत्यादि हथियार के साथ भ्रमण, धार्मिक या सौहार्द बिगाड़ने वाला टीका टिप्पणी, सोसल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्टिंग या फॉरवर्डिंग, रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग, ऊंची आवाज में डीजे का प्रयोग इत्यादि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे. इसके साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर सख्त पाबंदी लगाई गई है.

## सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जेएचएस पचरुखी तिलैया के छात्रों ने मारी बाजी




**बरकट्ठा।** जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के झारखंड उच्च विद्यालय पचरुखी तिलैया का शानदार प्रदर्शन रहा। पत्रकारों से बातचीत में उक्त विद्यालय के निदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने अंडर-17 में इचाक प्रखंड को पराजित कर विजेता बना। वहीं अंडर-14 में हमारे छात्र चुरचू प्रखंड से उपविजेता रहे। उन्होंने विद्यालय की टीम कोच संजय कुमार सिंह तथा टीम मेंटर प्रदीप सिंह को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव शंकर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए हमारे विद्यालय के छात्रों ने लगातार अभ्यास किया जिसका परिणाम हम सबों के बीच है। ज्ञात हो कि फाइनल में विद्यालय के छात्र पप्पू कुमार सिंह मैन ऑफ द मैच रहे । इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक, प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीसी ने मतदाता जागरूकता रथ को दिखाया हरी झंडी




**रामगढ़।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को वाहन रोस्टर और वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के संबंध में जानकारी दी. बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के लिए घर घर जाकर बीएलओ सत्यापन का कार्य करेंगे. इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार समेत कर्मचारी मौजूद थे.

## नफरत की राजनीति का परिणाम है मणिपुर की घटना : बुद्धिजीवी मंच

**रामगढ़।** बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मणिपुर की घटना इंसानियत को शर्मसार कर दिया है. लोगों को झकझोर कर रख दिया है. तमाम न्यायप्रिय इंसान इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं. पदाधिकारियों ने कहा कि मणिपुर की घटना नफरत की राजनीति का परिणाम है. देशभर में तथाकथित संगठनों द्वारा दिन-रात धर्म, जाति, समाज आदि के नाम पर सीधे-सादे लोगों के दिलों में जहर घोलने का काम किया जा रहा. बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि यह अमानवीय दमन केवल दो महिलाओं के नग्न जुलूस तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पिछले ढाई महीने से मणिपुर में अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के सैकड़ों निर्दोष लोगों को सांप्रदायिक गिरोहों द्वारा बेरहमी से हत्या कर दी गई है.

# रैयतों ने बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा उत्तरी पंचायत सचिवालय में बरकट्ठा जीटी रोड के किनारे केशरहिंद भूमि पर बसे रैयतों की एक प्रतिनिधिमंडल विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में लगान निर्धारण व मुआवजा की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की तथा इस विषय पर एक आवेदन सौपा । रैयतों के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री को आवेदन के माध्यम से जानकारी दी कि जीटी रोड सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान वर्ष 2002 में हमारे जमीन एवं मकान का अधिग्रहण एनएचएआई के द्वारा जबरन किया गया था ।पुनः सिक्सलेन सड़क निर्माण में भी एनएचएआई बिना किसी मुआवजा व नोटिस के हमारी जमीन व मकान को सरकारी बताकर हटाने की कोशिश कर रहा है। ज्ञात हो जमीन का किस्म केशरहिंद रहने के कारण एनएचएआई के द्वारा ना जमीन का और ना ही मकान का मुआवजा दे रहा है। इस मामले को पूर्व में भी कई बार उपायुक्त हजारीबाग, सांसद कोडरमा, विधायक बरकट्ठा, एवं एनएचएआई के अधिकारियों को लिखित अवगत कराया जाता रहा है। लेकिन यहां के रैयतों को आज पिछले दस साल से सिवाय आश्वासन के कुछ नही मिला।

## मुखिया की गिरफ्तारी के बाद उप मुखिया प्रियंका कुमारी को मिला वित्तीय अधिकार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत झुरझुरी के उप मुखिया प्रियंका कुमारी को पंचायती राज पदाधिकारी हजारीबाग दीपक कुमार दुबे के द्वारा गुरुवार को वित्तीय अधिकार का पत्र सौंपा गया। गौरतलब हो कि पंचायत के निर्वाचित मुखिया सुमन कुमार को बीते दिनों एसीबी टीम ने चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुखिया का जेल जाने के बाद उप मुखिया को वित्तीय अधिकार दिया गया। वहीं वित्तीय अधिकार मिलते ही प्रियंका कुमारी ने पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर पंचायत के विकास के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। पंचायत के गरीब, असहाय लोग सरकारी लाभ से वंचित न रहे इसका ध्यान हम सभी जनप्रतिनिधियों को रखना होगा। बैठक में पंचायत सचिव प्रदीप मेहता,पंसस मंजू देवी,वार्ड सदस्य दयानंद प्रसाद,सहदेव प्रसाद,प्रयाग रविदास, जीतू मांझी, उप मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव,प्रमोद गुप्ता,मुकेश प्रसाद,पीतांबर प्रसाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

**आभार**

## सूर्यकुंड धाम में प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व डीजीपी महेंद्र सिंह ने कहा

# छात्रों को सम्मान मिलने से आत्म विश्वास बढ़ता है




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम परिसर में जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया और श्री कांत मैथमेटिक्स के संस्थापक सीके पाण्डेय के सौजन्य से मैट्रिक एवं इंटर के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीजीपी महेंद्र मोदी,बीएसएफ उप कमांडेंट मेरु एचके पाठक,जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, सेंट्रल कोल माइंस के सेवानिवृत्त निदेशक गुणाधर पाण्डेय, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, कुमकुम देवी, चलकुशा जिप सदस्य सबिता सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ,मानव विकास संस्था के सचिव बीरबल मेहता, शिक्षाविद नारायण पांडेय, शिव कांत पांडेय, मुखिया निजाम अंसारी, मुखिया प्रेमिका कुमारी, पूर्व मुखिया तुलसी पांडेय, उप मुखिया शीला कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुछ व अंग वस्त्र देकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र मोदी ने कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर श्री कांत पाण्डेय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से विद्यार्थियों में आत्म विश्वास बढ़ता है। साथ ही बच्चों में एक नई ऊंचाइयां छूने की ललक बढ़ती है। वही बीएसएफ के उप कमांडेंट एच के पाठक ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की नसीहत दी। कहा कि अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करें। ईमानदारी से किया गया मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है। वही उपस्थित अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए तथा इस आयोजन को लेकर सभी ने जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया तथा सीके पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि इस सम्मान समारोह में प्रखंड क्षेत्र के 200 से अधिक छात्र जो 60% से अधिक अंक प्राप्त किए, को पुरस्कार प्रदान किया गया ।पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे हिल उठे।

## राधा गोविंद विवि. में बालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन




**रामगढ़ ।** शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव सह कुशल समाजसेविका प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं । शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार, एकेडमिक इंचार्ज डॉ. ए.के. मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस टूर्नामेंट की। जिसमें लगभग 15 टीमों ने भाग लिया । राधा गोविंद स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रियंका भारती एवं उनके सहयोगी किरण महतो सहित फामेर्सी के विद्यार्थियों ने खेल मैदान पर फर्स्ट ऐड कैंप लगाया, जिससे खेल के दौरान घायल अथवा चोटिल हुए प्रतिभागियों की प्राथमिक उपचार की जा सके । राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल जगत में अच्छा करने की बात कही साथ ही इस आयोजन हेतु शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. अमन वर्मा, डॉ. सुरजीत भकत, संजय राय चौधरी, प्रभा कुमारी, ज्योति देवी, प्रदीप रजक, राजू साव, धनेश्वर बीपी एवं योतीन्द्र मंडल समेत विद्यार्थियों को बधाई दी ।

# कोडरमा के नये डीसी के रूप में मेघा भारद्वाज ने किया पदभार ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा जिला के 24वें जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त के रूप में 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मेघा भारद्वाज ने निवर्तमान जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त आदित्य रंजन से पदभार ग्रहण किया। कोडरमा जिले में डीसी का पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले के नवनियुक्त उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि कोडरमा जिले के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है कि यहां आम जनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, सरकारी सेवाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ साथ अन्य सभी योजनाओं को मॉनिटर करेंगे और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। साथ ही जिला प्रशासन के द्वारा जिले की बेहतरी के लिए जो प्रयास किये गए थे उसे भी आगे बढ़ाया जाएगा साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं में भी प्रगति लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध रूप मे धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा ताकि सभी सुयोग्य व्यक्ति तथा समाज के अंतिम छोर तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा सके। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक तथा तकनीकी विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# सुभाष मुंडा की हत्या के खिलाफ वामदलों ने किया विरोध प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के झारखंड राज्य कमिटी सदस्य युवा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के खिलाफ के खिलाफ और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोडरमा गांधी चौक पर वाम दलों के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया. ज्ञात हो कि अज्ञात अपराधियों ने रांची के दलादली चौक पर स्थित कार्यालय में सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गई. विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सीपीएम नेता रमेश प्रजापति ने किया. प्रदर्शन को सीपीआई के जिला मंत्री प्रकाश रजक, माले के जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, सीटू नेता प्रेम प्रकाश, नौजवान भारत सभा के उदय द्विवेदी ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया. वक्ताओं ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था फेल हो गई है. आम जनता तो छोड़ दिजिए, जनता के प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है. सुभाष मुण्डा सीपीएम प्रत्याशी के रुप में हटिया विधानसभा से दो बार और हाल ही में मांडर विधानसभा के लिए हुए हाल ही के उप चुनाव मे सीपीएम के सशक्त उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था. रातू - नगड़ी इलाके के लोकप्रिय और संघर्षशील युवा संगठनकर्ता थे. जो डीवाईएफआई और आदिवासी अधिकार मंच के बैनर तले आदिवासियो और अन्य गरीबों के हक और अधिकार की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते थे. उस क्षेत्र में आदिवासी जनता के विभिन्न सवालों पर वे लगातार आंदोलन के मैदान में डटे रहते थे. जिसके चलते उस इलाके के निहित स्वार्थी तत्व और आदिवासियों की जमीन हड़पने वाले भू माफियाओं की नजर में खटकने लगे थे. उनकी जघन्य हत्या के बाद उस इलाके के लोगों का आक्रोशित होना इस बात का प्रमाण है कि शहीद सुभाष मुंडा जनप्रिय नेता थे. अविभाजित कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य और द्वितीय विश्वयुद्ध में भारतीय सेना के सिपाही सुकरा मुंडा की तीसरी पीढ़ी के नौजवान कम्युनिस्ट कार्यकर्ता थे जो अपने दादा की संघर्षशील विरासत के वाहक थे. शहीद सुभाष मुंडा की कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी. हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो राज्यभर में उग्र आंदोलन तेज होगा. वामदल इस कायरतापूर्ण जघन्य हत्या की कड़ी भर्त्सना करते हुए रांची पुलिस और राज्य के मुख्यमंत्री से मांग करती है कि अविलंब एसआईटी जाँच को तेज कर सुभाष मुंडा के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करे. कार्यक्रम में महेश प्रसाद सिहं, दिनेश रविदास, धीरज यादव, अशोक रजक, श्याम भारती, भागवत साव, शंभू कुमार, गणेश, असगर अंसारी, बजरंगी दास, मोहम्मद सलीम, लक्ष्मण साव, सरयू दास आदि मौजूद थे.

# अज्ञात वाहन की चपेट में दो मवेशियों की मौत, एक घायल

### मवेशियों को बजरंग दल ने कराया इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में इन दिनों लावारिस मवेशियों के शहर के इर्द-गिर्द घूमने से काफी परेशानियों का सबब बन गया है मवेशियों के मालिकों के द्वारा देर रात तक मवेशियों को खुले छोड़ दिया जाता है जिसके कारण सड़कों पर बैठते हैं जिसकी वजह से कई दुर्घटना होती है। बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर नगर भवन के समीप 2 मवेशियों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया ।मामले की जानकारी सुबह बजरंग दल के कार्यकताओं को हुई तो उन्होंने तत्काल जिला पशुपालन पदाधिकारी अरुण कुमार राम को दी उन्होंने तत्काल पशु चिकित्सकों की टीम भेजा जिसके बाद घायल मवेशी का इलाज किया गया। वहीं मवेशी का इलाज करने के पश्चात उसे रखरखाव हेतु सिमडेगा गोपाल गौशाला बजरंग दल के कार्यकताओं ने ऑटो में पहुंचा दिया। वही दो मृत मवेशियों को नगर परिषद के सहयोग से नगर परिषद के कर्मियों के द्वारा वाहन के माध्यम से अंतिम संस्कार करने के लिए अपने साथ ले गए। बजरंग दल के जिला संयोजक आनंद जायसवाल ने कहा कि लगातार इन दिनों सड़कों पर मवेशियों को छोड़ने की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि लावारिस घूम रहे मवेशियों पर कार्रवाई की जाए ताकि कोई भी मवेशी खुले में ना छोड़े। वही इस मौके पर गौ रक्षक प्रमुख सुमित कुमार, अंकित केसरी आकाश चक्रवर्ती, राजा, आलोक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## किनबीरा में अच्छी बारिश को लेकर कलश यात्रा



**पाकरडांड।** मानसून की बेरुखी से किसानों के अंदर चिंता का विषय दिख रहा है इधर किसानों का बिचड़ा खेत पर पड़ा हुआ है लेकिन किसान धान रोपा नहीं रोक पा रहे क्योंकि बारिश नहीं हो रही है इधर बारिश नहीं होने की वजह से काफी चिंतित हैं। जिसको देखते हुए प्रखंड के किनबीरा गांव मैं अच्छी बारिश की कामना को लेकर गांव के पीपल पेड़ तथा देवालय में सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया गया जिसमें कुंवारी कन्याओं के द्वारा जल लेकर ढोल नगाड़े की ताल पर पूरे नगर का भ्रमण करने के पश्चात गांव के शिवालय एवं पीपल का पेड़ में जलाभिषेक किया गया पौराणिक मान्यता है कि सावन महीने में गांव के शिवलिंग और पीपल पेड़ में जलाभिषेक करने से अच्छी बारिश होती है और इसी कामना को लेकर सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया गया ।मौके पर सुखदेव राम गंझु, लोकनाथ राम गंझु, मदन राम, बसंत राम, राधेश्याम दास, तालेश्वर बाघवार, लकेश्वर राम, कंचन मांझी तथा समस्त ग्राम वासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## पंकज कुमार ने ओडगा ओपी का लिया पदभार

**जलडेगा।** ओडगा ओपी थाना प्रभारी के पद पर शुक्रवार को नए थानेदार पंकज कुमार ने अपना पदभार संभाला। इस दौरान ओडगा थाना परिवार की ओर से नए थाना प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं क्षेत्र से कई समाजसेवी और जनप्रतिनिधि भी नए थानेदार पंकज कुमार का स्वागत किया। मौके पर नए थानेदार पंकज कुमार ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना है। पुलिस और पब्लिक के बीच भी संबंध मजबूत बनाना है, ताकि लोग अपनी समस्या को लेकर सीधा थाने तक बिना भय के पहुंच सके। लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना है। साथ ही पूर्व में जितने भी मामले थाने में लंबित है उसे तत्काल निष्पादन भी करना मेरा प्राथमिकता है। वहीं क्षेत्र के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि, सभी के सहयोग से क्षेत्र को स्वच्छ वातावरण में अपराध मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें।

## वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल मैच के चौथे दिन जय दुर्गा क्लब सुंदरगढ़ की टीम विजय

**सिमडेगा।** 24 वां अंतरराज्य वीर शहीद थॉमस सोरेग फुटबॉल टूनामेंट का चौथा दिन काफी रोमांचक रहा। मुख्य अतिथि के रूप में संतोष कु. सिंह विधायक प्रतिनिधि कांग्रेस, साथ में श्रद्धानंद बेशरा एस. टी.मोर्चा प्रदेश कार्य समिति को खेल के सचिव मोनू बड़ाईक आयोजक राजेश सिंह और कोषाध्यक्ष ललन प्रसाद के द्वारा अगुवाई करते हुए खिलाडियों से परिचय तत्पश्चात शुभारंभ किया गया ।जहां पर शानदार खेल का आगाज हुई एवं खेल जय दुर्गा क्लब सुंदरगढ़ ओडिसा बनाम फ्रेंड्स क्लब मनोहरपुर झारखण्ड के बिच हुआ। जय दुर्गा क्लब सुंदरगढ़ ओडिसा की टीम 1-0 से विजयी प्राप्त की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि सिमडेगा खेल की नगरी के रूप में विख्यात है और यहां पर खेल के माध्यम से कई खिलाड़ी अपना कैरियर बना रहे हैं और आने वाले दिनों में यहां के सैकड़ों की संख्या में बच्चे देश विदेश में जाकर सिमडेगा जिले का नाम रोशन करेंगे सहित के नाम पर इस प्रकार का आयोजन होना वाकई गर्व की बात है ।वही आज का खेल एफ. सी रामगढ झारखण्ड बनाम जय दुर्गा क्लब सुंदरगढ़ ओडिसा के बीच 4 बजे होगी।

## मुहर्रम त्यौहार को लेकर फ्लैग मार्च

**बोलबा।** मुहर्रम त्यौहार को लेकर बोलवा प्रखंड मुख्यालय में पुलिस प्रशासन के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च । इस मौके पर बोलबा थाना परिसर से बोलबा बाजार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक फ्लैग मार्च किया गया । अंचल अधिकारी बलिराम माझी ने बताया के बोलबा प्रखंड में मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएँ । अफवाह पर ध्यान ना दें । साथ ही किसी तरह की आपत्तिजनक या अफवाह की बातों को सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करें । इस मौके पर एसआई जितेंद्र सिंह पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## जनसेवक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**सिमडेगा।** शंकर साहु जनसेवक प्रखंड कुरडेग का गुरुवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे, घायल होने के पश्चात सदर अस्पताल, सिमडेगा में इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई। शंकर साहु के आत्मा के शांति के लिए उप विकास आयुक्त सिमडेगा अरुण वाल्टर सांगा सहित समाहरणालय सवंग के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने समाहरणालय सभाकक्ष में दो मिनट का मौन धारण रखा। उन्होंने बताया कि शंकर साहू जी की नियुक्ति वर्ष 2012 में जनसेवक पद पर हुई। इनकी प्रथम पदस्थापन प्रखंड ठेठईटांगर में थी। इसके पश्चात इनका तबादला नवंबर 2020 में प्रखंड कुरडेग में हुई थी ।इधर बानो प्रखण्ड के सभागार में शंकर साहू के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।

## बकरा एवं बकरी का वितरण

**ठेठईटांगर।** बकरा विकास योजना 2022- 23 के अंतर्गत ठेठइटांगर प्रखंड में बकरा एवं बकरी का वितरण किया गया , जिसमें प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित हुए एवं बकरा बकरी का वितरण किया ।प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा सरकार आप लोगों को इतना अच्छा व्यवस्था करके दे रही है, आपके आय वृद्धि के लिए आपके परिवार के लिए इतना अच्छा योजना लेकर आई है, इस बकरी बकरा को आप अच्छे से देखभाल करें और इसके माध्यम से आप अपना जीवन स्तर को सुधारे,बकरा बकरी के बीमार होने पर तुरंत हमारे प्रखंड स्तरीय पशु डॉक्टर है, उसे दिखाएं एवं सही इलाज समय पर कराएं जिससे कि आपका बकरा एवं बकरी की सही से देखभाल कर सके और जिस उद्देश्य से सरकार ने आप लोगों को इसे दिया है।

# जागरूकता से ही है समाधान संभव : डॉ. प्रह्लाद मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व हेपाटाइटिस दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से संस्थान के निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा उपस्थित थे। स्कूल के निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने हेपाटाइटिस के कारण एवं इसके बचाव के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया , जिसके बाद छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया साथ ही वहीं छात्राओं को इस रोग से जुड़े विभिन्न वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी बच्चियों को जागरूक किया साथ ही वैश्विक स्तर पर हेपाटाइटिस से किस तरह लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में काफी लोग इससे पीड़ित हैं ।वहीं इस वर्ष वन लाइफ वन लिवर की संकल्प को लोगों तक पहुंचाने की बात कही। जिसे उचित जीवन शैली के साथ आदर्श खान पान, और सावधानी से रहकर एवं लोगों के बीच जागरूकता फैलाकर इससे बचाव किया जा सकता है। जिसके बाद प्राचार्या संगीता कुमारी ने भी छात्राओं को संबोधित किया। मंच का संचालन उप प्राचार्या प्रभा सुरीन ने किया । कार्यक्रम में ट्यूटर अलविना तोपनो, निभा खलखो , लीला कुमारी, प्रिया कुमारी एवं सभी छात्राएं उपस्थित थी।

## कोडरमा : बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय टाइगर डे

**कोडरमा।** सदर प्रखंड के गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा नर्सरी के बच्चों के बीच अंतरराष्ट्रीय टाइगर डे मनाया गया. जिसमें बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए. इस मौके पर शिक्षिका पूनम तेजपाल ने बच्चों को बताया कि प्रत्येक वर्ष 29 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय टाइगर डे मनाया जाता है. टाइगर भारत का राष्ट्रीय पशु है. इसे देश की शक्ति, शान, सतर्कता, बुद्धि और धीरज का प्रतीक माना जाता है. कार्यक्रम में बच्चों ने टाइगर मास्क और पोशाक पहन बड़े उत्साह के साथ भाग लिया. इस मौके पर स्कूली बच्चे श्रेयान रंजन, नयासा, धैर्य प्रताप, अभय, निहित ने बैनर, पोस्टर, कहानी, कविता के माध्यम से रोल प्ले कर टाइगर बचाओ का संदेश दिया. उसके बाद नर्सरी कक्षा के शौर्य पांडेय, अभिराज, काव्या, शाम्भवी, अथर्व, अदविक, सान्वी, कुंडल, आयुष, अदीबा नाज, निहित, समृद्धि ने ह्लजंगल-जंगल बात चलीह्व बालगीत पर मनमोहक डांस की प्रस्तुति दी. इस अवसर पर प्राचार्या नीरजा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय टाइगर डे एक ऐसा दिन है जो कि बाघ संरक्षण के प्रति दुनिया भर के लोगों के मन में जागरुकता फैलाता है.

# रोटरी क्लब ने किया आया सावन झूम के कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा रोटरी सभागार में ₹आया सावन झूमके₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन कर्त्ता रोटेरियन नवीन पांड्या और उनकी टीम के द्वारा नृत्य, गेम, अंताक्षरी गीत, रैंप वाक, आदि कई रंगारंग कार्यक्रम किए गए। जिसमें सभी रोटेरियन परिवार ने भाग लिया कार्यक्रम में आए हुए सभी रोटेरियन ने लजीज व्यंजन का भी आनंद लिया। सर्वप्रथम राष्ट्रगान से सभा की शुरूआत हुई। अध्यक्ष विकास सेठ ने स्वागत भाषण दिया। सेक्रेटरी नवीन जैन ने महत्वपूर्ण घोषणा की। उपसचिव संजीव अग्रवाल ने पिछले कार्यक्रम का मिनट्स पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम की पीडी रोटेरियन रितु सेठ, रोटेरियन आरती आर्य, रोटेरियन अमित कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी मुख्य भूमिका निभाई। सावन मास के इस कार्यक्रम में रोटरी हॉल को सावन की तरह हरा-भरा बनाया गया और लोगों ने अपने वस्त्र भी हरा पहनकर संगीत का आनंद लिया। झूम कर सावन का स्वागत किया ।जिले के जाने-माने संगीत गायक रोटेरियन नवीन जैन पांड्या ने अपने गीत और कला से वहां पर बैठे सभी रोटेरियन को थिरकने पर मजबूर कर दिया। पूरी सभा को आनंदित कर दिया। आराध्या राज और आरोही मोदी ने अपने मनमोहक नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। दोनों बच्चियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में रोटेरियन अमित कुमार, शिल्पी गुप्ता, रोटेरियन प्रवीण रश्मि वर्णवाल, रोटेरियन रामरतन नीलम महर्षि, रोटेरियन नवीन पिंकी पांड्या को रैंप वॉक में अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

**जागरूक** | रोटरी क्लब ने किया 150 सौ पौधे का वितरण

# पौधा लगाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें : पिंकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा सीएच स्कूल ग्राउंड में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर 150 फलदार पौधे का वितरण दूरदराज गांव से आए खिलाड़ियों के बीच किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने लोगों के बीच पौधे का वितरण किया। इस कार्यक्रम के परियोजना निदेशक संदीप सिन्हा थे। सीएच मैदान में प्रतिदिन प्रातः सेना की भर्ती के लिए शारीरिक अभ्यास के लिए आने वाले छात्र-छात्राएं, फुटबॉल, क्रिकेट के खिलाड़ी ने मुख्य रूप से यह पौधा ग्रहण किया और शपथ लिया की प्रकृति की रक्षा में अपना योगदान देंगे। मुख्य अतिथि निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि जिले में प्रकृति के संरक्षण मे रोटरी कोडरमा प्रयत्नशील है। और अपना पूर्ण योगदान दे रही है। पेड़ों की कटाई का रुकना अति आवश्यक है। जीवन को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पूरे विश्व का हरा भरा होना आवश्यक है। वृक्षारोपण के द्वारा हम राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दे सकते हैं। वृक्ष हमारे माता पिता के समान हैं जो जीवन भर हमेशा साथ देने का काम करते हैं। आज प्रकृति हम सभी से नाराज चल रही हैं। बरसात के दिनों में बारिश नहीं हो रही है। खतरनाक वैश्विक बीमारी फैल रही है। भूस्खलन, भूकंप, बाढ़ प्रकृति से छेड़छाड़ का कारण है। आज के दिन हम सभी यह प्रण करें की प्रकृति को हरा भरा और प्रदूषण मुक्त राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे। एक जागरूक समाज की स्थापना करेंगे रोटेरियन अमित कुमार रोटेरियन संदीप सिन्हा संजीव अग्रवाल ने भी मौजूद लोगों को अपने संबोधन से जागरूक किया। इस मौके पर शिक्षक नारायण सिंह, सुनील बड़गवे, संजय तर्वे, सोनू कुमार, सुभाष कुमार आदि लोगों ने भी मौजूद खिलाड़ियों के बीच वृक्षों का वितरण किया। शिव तारा स्कूल में भी पौधे का वितरण किया गया। यह यह जानकारी रोटरी सचिव नवीन जैन ने दी।

# ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने धमराय पंचायत में पौधों का किया वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर ग्रिजली चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में एक सराहनीय कदम उठाते हुए ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने धमराय पंचायत में फलदार पौधों का वितरण किया। कलकत्ता के नर्सरी से मंगाए गए विशेष कलम किये हुए 500 फलदार पौधों जो की आने वाले 2 से 3 वर्षों में फल देने लगेंगे उन पौधों का वितरण धमराय पंचायत के मुखिया सरजू वर्मा की उपस्तिथि में धमराय पंचायत भवन में किया गया। छात्रों की इस विशेष पहल पर मुखिया सरजू वर्मा ने कहा की विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के छात्रों के द्वारा यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पौधे लगाने के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने का उदाहरण साबित करता है। छात्रों की इस पहल में वे न केवल अपने शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि प्राकृतिक संरक्षण को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की हमें गर्व है कि हमारे छात्र इस विशेष दिन के अवसर पर प्राकृतिक संरक्षण के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उजागर कर रहे हैं। वही ग्रिजली विद्यालय की प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने कहा की इस बढ़ते हुए पर्यावरणीय चुनौती के सामने, ग्रिजली विद्यालय के छात्रों द्वारा किए गए इस प्रकार के सकारात्मक कदम का स्वागत है और आशा है कि ऐसे और भी पहलूओं में ग्रिजली विद्यालय के छात्र आगे आकर मानवता की सेवा कर सकेंगे। इस कार्य में ग्रिजली विद्यालय के छात्र अमन कुमार, कुश कुमार, बादल कुमार, नीरज कुमार, खुशी कुमारी, प्रभात कुमार, अभिषेक प्रसाद, रणवीर कुमार, प्रिया यादव, अनुप्रिया कुमारी, मीनाक्षी वर्मा, ज्योति कुमारी, निशिता कुमारी, अश्विनी, ज्योति कुमारी अपने शिक्षक रविंद्र कुमार यादव के साथ शामिल हुए और पौधों का वितरण गाँव वासियों के बीच किया।

